तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **भोम सिंह बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 24/2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
7/03/2024	अपीलार्थी भोम सिंह निवासी 129, जेड.एस.ए., बी.जे.एस. कॉलोनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 28.08.2023 को (1) तहसील के ग्राम करवड भू. अभि. नि. मण्डोर के खसरा संख्या 254 में नामां. संख्या 1573 निर्णय दिनांक 05/04/2013 की नामांतरण की नकल की प्रमाणित कॉपी व अन्य बिन्दु से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 76 दिनांक 27.03.2024 द्वारा बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 39 दिनांक [illegible] के जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:18:55 IST
Reason: SelfAttested